तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि - कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 26 सितंबर 2025



14 बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए खिलाड़ी ...



14 हटवारा बाजार चौक के पास की साफ सफाई






## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।
सिंहरूढा अष्टभुजा कूष्माण्डा यशस्वनीम्॥

## समस्या : नेलनोड़ा नदी पर पुल बनाने की मांग ग्रामीणों की वर्षों से अधूरी

# जान हथेली पर लेकर उफनती नदी पार करते हैं विद्यालय जाने अंजाड़ी के बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/पखांजुर

घोड़गांव के आश्रित ग्राम अंजाड़ी के स्कूली बच्चे बारिश के समय जान जोखिम में डालते हुए उफनती नेलनोड़ा नदी को पार करके पढ़ाई करने विद्यालय जाते है। इस परेशानी से बचने ग्रामीण पुल की लगातार माँग कर रहे है, वहीं ईलाका अतिसंवेदनशील होने के कारण मूलसुविधाओं से यह गांव वंचित है। माओवादियों के कारण जिले के अंदरूनी ईलाकों में न तो सड़क बन पाई और न ही पुल व पुलिया बन पाएं, जिसका दंश आज भी इस ईलाके के ग्रामीण भुगत रहे है।

जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत घोड़ागाँव का आश्रित गाँव अंजाड़ी (नेलडोडा) मूलभूत सुविधाओं से वंचित है, जिसका सबसे बड़ा खामियाजा गाँव के मासूम स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। यहाँ के बच्चे हर रोज अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं। अंजाड़ी गाँव और स्कूल के बीच बहने वाली नेलडोडा नदी पर कोई पुल या पुलिया नहीं है। बरसात के दिनों में यह नदी उफान पर होती है और इसका तेज बहाव किसी भी समय बड़े हादसे को न्योता दे सकता है। नदी के दोनों किनारों पर खड़े होकर छोटे-छोटे मासूम बच्चे बहाव कम होने का इंतज़ार करते हैं, और फिर एक-दूसरे का सहारा लेकर या बड़े-बुजुर्गों की मदद से इस खतरनाक नदी को पार करते हैं। कई बार बच्चे फिसल जाते हैं, लेकिन शिक्षा पाने की ललक उन्हें इस जोखिम को उठाने पर मजबूर करती है। एक अभिभावक ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि हमें डर लगा रहता है कि कहीं हमारा बच्चा स्कूल जाते समय हादसे का शिकार न हो जाए। हमारे बच्चों को सुरक्षित शिक्षा पाने का अधिकार नहीं है? जब तक यहाँ कोई स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक इन बच्चों की जिंदगी दाँव पर लगी रहेगी।

**खास बातें**

- नक्सलियों के आतंक के कारण कई पुल-पुलिया और सड़कें नहीं बनी
- पुल-पुलिया नहीं बन पाने के कारण छात्रों व ग्रामीणों को उठानी पड़ रही दिक्कतें
- एक दर्जन पुल है स्वीकृत, बारिश के बाद शुरू हो जाएगा निर्माण



### ग्रामीणों का छलका दर्द

स्थानीय ग्रामीण सुखराम दुग्गा और भावेश सलाम ने कहा यह समस्या आज की नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से बार-बार गुहार लगाई है कि नदी पर एक छोटा सा पुल या पुलिया ही बनवा दिया जाए, ताकि हमारे बच्चे सुरक्षित स्कूल जा सकें। हर बार आश्वासन मिलता है, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। उनका आरोप है कि जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही गाँव आते हैं और जीतने के बाद उन्हें बच्चों की सुरक्षा या शिक्षा की कोई चिंता नहीं रहती।

### माओवादियों के कारण झेलना पड़ संकट

जिले के अंदरूनी ईलाकों पर मूलभूत सुविधाओं, सड़क, पुल एवं पुलिया न होने का सबसे बड़ा कारण यह रहा कि माओवादी नहीं चाहते कि यह सब हो। माओवादियों के कारण ही इस क्षेत्र के ग्रामीणों को यह दंश झेलना पड़ रहा है। विदित हो कि सरकार ने बेचाघाट पुल की स्वीकृति दिया और सैकड़ो ग्रामीण बेचाघाट पुल को नहीं बनने के लिए कई माह तक आंदोलन रहे। यह आंदोलन किसके ईशारे पर चला और क्षेत्र के लोगों ने ही विरोध किया था। यह पुल बन जाता तो पुल के दूसरे ईलाके सितरम एवं अन्य गांव के लोगों को लाभ मिलता, परंतु य पुल नहीं बनने दिया गया। अंदरूनी ईलाके की कई सड़के व पुल रहे, जो नक्सलियों के कारण नहीं बन पाएं। उनका प्रभाव कम होने के बाद फिर से अंदरूनी ईलाके पर सरकार ने विकास कार्य चालू किए है और एक दर्जन से ज्यादा पुलों का निर्माण चालू हो चुका है। बारिश के कारण अभी कार्य रूका हुआ है, बारिश के बाद एक दर्जन से ज्यादा पुल बनने प्रारंभ हो जाएंगे।

## स्कार्पियो की टक्कर से कार सवार दो घायल, पहुंचाया गया अस्पताल

**कांकेर।** बाबूकोहका आईटीआई के पास स्कार्पियों की टक्कर से कार में सवार दो लोगो को चोट आई। घायलों को चारामा के अस्पताल में भर्ती किया गया। कार चालक की शिकायत पर पुलिस ने स्कार्पियों वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंचे नरहरपुर थानांतर्गत ग्राम अरौद निवासी 24 वर्षीय ऐमन लाल निषाद ने पुलिस को बताया कि अपने मामा की कार वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 3623 में मैं अपने मामा ईश्वर लाल पटेल, मामी गोदावरी पटेल उनकी बेटी दीप्ती पटेल, विदंयवाशिनी पटेल के साथ काम से मेडिकल चेकअप के लिए भिलाई गए थे। कार को मैं चलाते हुए गया था और भिलाई में काम होने के उपरांत वापिस अपने घर अरौद आ रहा था कि बाबूकोहका आईटीआई के आगे ढाबा मोड़ के पास पीछे से सफेद रंग की स्कार्पियो वाहन क्रमांक सीजी 27 बी 5072 का चालक वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए हमारी कार को पीछे से ठोकर मार दिया। स्कार्पियों की ठोकर से कार में बैठे गोदावरी पटेल व उनकी बेटी विदंयवाशिनी पटेल को चोट आई। घटना की जानकारी परिजनों को दिया और दोनो घायल को ईलाज के लिए चारामा अस्पताल लाकर भर्ती किराया। स्कार्पियों की ठोकर से मेरी कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। यह हादसा स्कार्पियों वाहन के लापरवाह चालक के कारण हुई। कार चालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी स्कार्पियों वाहन क्रमांक ▶▶| शेष पेज 12 पर



## बेकाबू पिकअप ने मारी ठोकर बाइक पर सवार दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

गोंडाहुर थाना क्षेत्र में बाईक सवार को पिकअप के चालक ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिसमें बाईक चालक की मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही पुलिस विस्तृत जानकारी जुटा रही है। जानकारी के अनुसार पीव्ही 52 निवासी रंजन मंडल पिता सुकुमार मंडल 25 सितंबर को दोपहर 1 बजे के बाद अपनी मोटर सायकल से अपने व्यक्तिगत कार्य के लिए जा रहे थे, उसी दौरान पिकप वाहन के चालक ने लापरवाही ढंग से पिकप को चलाते हुए बाईक को ठोकर मार दिया, जिससे बाईक चालक रंजन मंडल की मौके पर मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के समय पिकअप वाहन बेहद तेज गति से आ रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक बाईक से कुछ दूर जा गिरा। पिकप वाहन चालक की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ। घटनास्थल पर खड़े कुछ लोगों ने पुलिस को बताया कि वाहन चालक पीव्ही 53 निवासी विपरोजित सरकार पिता विष्णु सरकार था, जो एक्सीडेंट के बाद पिकप को छोड़कर रफूचक्कर हो गया। घटना की खबर मिलते ही पीव्ही 52 और आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

घटना की खबर मिलते ही गोंडाहूर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पीएम के लिए भेजा। शव का पंचनामा तैयार कर मर्ग कायम करते हुए पीएम करवाया और पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंपा। पुलिस का कहना है कि पिकप हमारे कब्जे में है, चालक को जल्द पकड़ लिया जाएगा। चालक डर के मारे एक्सीडेंट ▶▶| शेष पेज 12 पर





## डाइट समृद्धि कला उत्सव में अभनपुर की टीम का राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए चयन

**सरोना।** जिले के शिक्षकों ने अपनी कला और विज्ञान आधारित प्रस्तुति से न सिर्फ दर्शकों का दिल जीता बल्कि समाज को जागरूक करने का कार्य भी किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित जिला स्तरीय समृद्धि कला उत्सव में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। सरोना तहसील के संकुल अभनपुर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की टीम मंच पर उतरी। उनकी प्रस्तुति ने न केवल निर्णायकों को प्रभावित किया बल्कि दर्शकों को भी अंधविश्वास से बाहर निकलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान मानेश सिन्हा और उनकी टीम ने नाट्यकला का प्रदर्शन करते हुए यह दिखाया कि कैसे कुछ लोग तंत्र-मंत्र और झाड़-फूंक के नाम पर भोली-भाली जनता को भ्रमित करते हैं। मंच पर उन्होंने वैज्ञानिक प्रयोगों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि कथित चमत्कार वास्तव में विज्ञान के कुछ सरल रसायनिक प्रयोग हैं। टीम ने यह दिखाया कि किस प्रकार हवन कुंड में मंत्र पढ़ने के नाम पर पानी से आग जलाना, नींबू काटने पर रक्त जैसा द्रव निकलना और पानी पर आग लगाना जैसी तथाकथित अलौकिक घटनाएँ, दरअसल वैज्ञानिक क्रियाओं का परिणाम हैं। इन प्रयोगों के जरिए यह संदेश दिया गया कि जनता को अंधविश्वास फैलाने वालों के झांसे में न आकर ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पुसवाड़ा में सेवा स्वच्छोत्सव के तहत एक दिन, एक घंटा किया सामूहिक श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत 25 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव थीम पर विकासखण्ड कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत पुसवाड़ा में जिला स्तरीय स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान करते हुए सफाई अभियान चलाया गया।

स्वच्छता ही सेवा स्वच्छोत्सव अभियान के तहत एक दिन, एक घण्टा, एक साथ सामूहिक श्रमदान में सुबह 8 बजे स्वच्छता ही सेवा अभियान में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम द्वारा महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को चरितार्थ करने के लिए स्वंय से स्वच्छता को आत्मसात करने को कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश के नाम संदेश देते हुए स्वच्छ भारत मिशन का आगाज करते हुए गांव के अतिंम छोर तक स्वच्छता का अलख जगाने का संदेश देश को दिया। विधायक द्वारा एक पेड़ मां के नाम लगा कर पर्यावरण को भी जीवन्त रखने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, भाजपा अध्यक्ष महेश जैन, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, जनपद पंचायत सीईओ अश्वनी यादव, अनिल गोटा, गुप्तेश्वर रंगारे, बालमुकुंद देवांगन, नूतन जैन, बिसन लाल पटेल व अन्य लोग उपस्थित रहें।



### बीएसएफ ने चलाया स्वच्छता सेवा अभियान

**दुगुकोंदल।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत 178 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुर्गुकोंदल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया । बीएसएफ की 178 वीं वाहिनी के 88 जवानों और स्थानीय स्तर पर लगभग 50 ग्रामीण, डॉक्टर और सीएचसी का चिकित्सकीय स्टाफ भी इस अभियान से जुड़ा। कार्यक्रम में उप कमांडेंट आनंद सिंह चौहान, सहायक कमांडेंट राकेश पाण्डेय और सीएचसी के प्रभारी चिकित्सक डॉ. चन्दन बैरागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सफाई अभियान के दौरान सीएचसी परिसर, वार्ड क्षेत्र और आसपास के सार्वजनिक स्थानों को साफ किया गया। बीएसएफ कार्मिकों और स्थानीय नागरिकों ने संयुक्त रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।



## खबर संक्षेप

### पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलना शुरू

**भानुप्रतापपुर।** शिक्षक एल बी संवर्ग के कई वर्षों के प्रयासरत रहने के बाद पिछली कांग्रेस सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल की लेकिन वहां भी पेंच फंसाया कि कर्मचारी के मृत्यु या रिटायरमेंट पश्चात उन्हें शासन के 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा करने पर ही पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। प्रथम चरण पर एनएसडीएल से शासन अपने अंशदान के राशि का समायोजन सीधे एनपीएस से कर पुरानी पेंशन का लाभ देना प्रारंभ कर दिया। भानुप्रतापपुर विकासखंड के चार शिक्षक स्व. शशिकला करसेल शिक्षक एलबी माशा बैजनपुरी, स्व. उत्तम कुमार मंडावी सहायक शिक्षक एलबी प्राशा बीरकोंदल, स्व. शिशुपाल साहू प्रधान अध्यापक प्राशा तुमरीकुही, स्व. हलालखोर दुग्गा शिक्षक एलबी माशा धनेली के नामित को पुरानी पेंशन योजना की स्वीकृति दी गई।

## स्ट्रीट वेंडर्स को मिलेगा सिक्योरिटी फ्री लोन

**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के सभा कक्ष में पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्म निर्भर निधि, पीएम स्वनिधि निधि हितग्राहियों की बैठक हुई, जिसमें यह बताया गया कि विशेष माइक्रो क्रेडिट स्कीम के तहत प्रथम लोन 15 हजार रूपएं तक का सिक्योरिटी फ्री लोन, भुगतान पर 7 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, डिजिटल लेनदेन पर 1 हजार 200 रूपएं तक कैश बैक, समय से भुगतान पर 25 हजार रूपएं और फिर 50 हजार रूपएं का लोन राशि 30 हजार रूपएं की लिमिट वाला रुपएं क्रेडिट कार्ड की सुविधा है। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर पंचायत चारामा भुवनेश्वर नाराज, उत्तम साहू, संदीप मेश्राम, धर्मेंद्र सोनकर, संजय सिंह, सरिता ठाकुर, गीता तिवारी, ममता यादव, बोधनी बाई, मीरा यादव सहित स्ट्रीट वेंडर्स उपस्थित रहें।



## नरहरदेव स्कूल प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के उपलक्ष्य में 25 सितंबर को कांकेर शहर के सबसे प्राचीन विद्यालय शासकीय नरहरदेव स्कूल प्रांगण में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें बढ़ चढ़कर लोगो ने भाग लिया गया। स्वच्छता कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरुण कौशिक, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन, सीएमओ पवन कुमार मेरिया, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी,दीपक खटवानी, विजय लक्ष्मी कौशिक, टेश्वर जैन एवं नगरपालिका का स्टाप शामिल रहा।




## केंद्र सरकार के निर्देश पर नगर सैनिकों ने किया अभ्यास

# बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को बचाने का किया माकड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

होमगार्ड के सैनिक सिंगारभाट के जिला सेनानी कार्यालय परिसर में ग्राम आतुरगांव व सिंगारभाट के बाढ़ में फंसे ग्रामीणों को फौरी तौर पर रेस्क्यू करते हुए उनकी जान बचाई। साथ ही बाढ़ की चपेट में आए गाय-बकरियों को भी तात्कालिक रूप से बचाते हुए उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाया गया। इस दौरान प्रशिक्षित नगर सैनिकों ने पानी में डूबते हुए ग्रामीण, बाढ़ के चलते पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाते हुए युवक तथा दूसरे छोर पर फंसे ग्रामीणों की जान बचाई।

यह दृश्य जिला कार्यालय से लगे ग्राम सिंगारभाट के जिला सेनानी कार्यालय परिसर में 25 सितंबर की सुबह देखने को मिला, जब नगर सैनिकों ने आपातकालीन स्थिति में किए जाने वाले आपदा प्रबंधन और बचाव कार्य का मॉक ड्रिल किया। भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु के दौरान प्राकृतिक आपदा एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को बचाने व राहत दिलाने के लिए उक्त मॉक ड्रिल संबंधित विभागों के परस्पर समन्वय से किया गया। इस दौरान नगर सैनिक के जवानों ने बचाव कार्य के लिए क्रमशः बोट को प्रभावित क्षेत्र में लेकर जाना, उसमें सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण रखना, फिर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में जाकर रेस्क्यू ऑपरेशन कराते हुए पीड़ित ग्रामीणों को लाइफ जैकेट पहनाकर सुरक्षित ढंग से लाने का प्रदर्शन किया। इसके अलावा मॉक ड्रिल के दौरान बाढ़ में फंसे गाय, बैल एवं बकरियों को सुरक्षित ढंग से बाहर निकालने का भी प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात बाढ़ में जलभराव के चलते भवन में फंसे लोगों को रेस्क्यू ▶▶| शेष पेज 12 पर





### बचाव कार्य में प्रयुक्त उपकरणों का किया गया प्रदर्शन

मॉक ड्रिल के दौरान नगर सैनिकों के द्वारा बाढ़ प्रबंधन एवं बचाव कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों एवं उनकी उपयोगिता का भी प्रदर्शन किया गया। इनमें एल्युमिनियम बोट, ओबीएम, एचडीपीई लाइफ बोट, लाइफ जैकेट, सर्चिंग लाइट, मनीला रोप, नायलोन रोप, रबर दस्ताने, कटिंग प्लायर, तारपोलिन शीट, चप्पू, लोहा कांटा, कंबल, फर्स्ट एड बॉक्स, ओबीएम स्टैण्ड, लाइफ बोट ट्रॉली तथा माइक इत्यादि शामिल थे।




## खबर संक्षेप



### निरक्षरों को साक्षर कर साक्षर गांव बनाने पर दें योगदान

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेलेगांव में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम युवाओं के प्रेरणा स्वामी विवेकानंद एवं ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर कार्य क्रम की शुरुआत की गई। व्याख्याता प्रमिला कोरेटी, पीयूषा बंजारे, गायत्री भूआर्य, लीनादेवी दुग्गा एवं किरण नेताम मैडम के द्वारा लक्ष्य गीत उठें समाज के लिए उठें एवं राष्ट्रीय युवा गीत आओ जिंदगी को उन्नति दें शांति दें की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य मोहनलाल निषाद द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयं सेवकों को समाज की सेवा कर राष्ट्र निर्माण में अपनी सहभागिता निभानी है। कार्यक्रम अधिकारी खेमलाल कटेंद्र ने कहा कि सेलेगांव में 71 निरक्षर लोग हैं जिन्हें साक्षर करने में अपना योगदान दें। दस निरक्षर को साक्षर करने पर बारहवीं बोर्ड में दस नंबर बोनस का प्रावधान है। व्याख्याता बरसन साहू द्वारा एक प्रेरक भजन की प्रस्तुति की गई।

### पूर्व छात्रों का सम्मान हुए विविध कार्यक्रम



**अंतागढ़।** छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय लालकालीद सिंह महाविद्यालय अंतर्गत में भूतपूर्व छात्रों का सम्मेलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य के मार्गदर्शन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । भूतपूर्व छात्रों द्वारा अपने अनुभव साजा किया गया तथा नवीन छात्र-छात्राओं को आगामी भविष्य के लिए मार्गदर्शित किया। भूतपूर्व छात्रों में कुमारी अंजू कश्यप, शहनाज बानो, संदीप, पीकेश कुमार, चंद्रकांत कोरेटी, कुमारी खिलेश्वरी, अमेरिका पोटाई तथा कुमारी हितेश्वरी दुगा उपस्थित रहे। समारोह में प्राचार्य रमेश कुमार दरों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक प्रशांत कुमार रंगारी, रोशन कुमार केमरो, बहादुर नेताम, सचिन कुमार कौशिक, सुजीत कुमार यादव, धर्मेंद्र कुमार, लुमेश्वरी साहू, निधि नेताम, महेंद्र चौबे, कैलाश चंद्र सोम, डीआर नाग, टिकेश्वर जैन एवं राकेश्वरी पटेल उपस्थित रहें।

### विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के अंतर्गत 33 केव्ही लाईन, 11 केव्ही लाईन एवं निम्नदाब लाईनों के नीचे किसी प्रकार की आयोजन पण्डाल का निर्माण न करें, ताकि किसी भी अप्रिय विद्युत दुर्घटना से बचा जा सके। 33 केव्ही लाईन, 11 केव्ही लाईन एवं निम्नदाब विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें एवं उचित दूरी बनाएं रखें, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना न हो। विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता प्रदीप अग्रवाणी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि दुर्गोत्सव के पंडाल विद्युत लाईन से दूर रखें।

### हाईस्कूल चिनौरी का हायर सेकंडरी में उन्नयन कर चिनौरी में महाविघालय खोलने की मांग

# ग्रामीणों ने महाविघालय खोलने और अन्य मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



उपमंडी लखनपुरी बाजार स्थल गली को पक्की सड़क करने व्यापारियों के लिए चबूतरा शेड लगाकर उसका उन्नयन करने, उपतहसील लखनपुरी कार्यालय के लिए भवन निर्माण एंव आवश्यक राजस्व दस्तावेज देने और हाईस्कुल चिनौरी का हायर सेकेंड्री में उन्नयन कर चिनौरी में महाविघालय खोलने की मांग को लेकर लखनपुरी उपतहसील अंतर्गत लगभग 15 गांवो के ग्रामीण क्षेत्रीय किसान कल्याण समिति उपतहसील परिक्षेत्र लखनपुरी के प्रदाधिकारियों ने मांग का ज्ञापन सौपने अनुविभागीय कार्यालय चारामा पहुंचे और ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्रीय किसान कल्याण समिति लखनपुरी के संरक्षक विजय ठाकुर ने बताया कि उपमंडी लखनपुरी स्थल पर इस क्षेत्र का बडा बाजार सप्ताह में दो दिन शनिवार और बुधवार को लगता है, जहां क्षेत्रवासी अपना दिनचर्या की समाग्री खरीदने दूर दूर से आते है, लेकिन बाजार की स्थिति दयनीय है। बाजार की गलिया कीचड़ और कचरे से भरा रहता है। बाजार की गली को व्यस्थित कर पक्की एव व्यापारियों के लिए चबुतरा शेड बनाकर उन्नयन किया जाना बहुत जरूरी है। उपहसील लखनपुरी में क्षेत्रीय सुविधा के लिए कार्यालय तो खुला है जो पंचायत भवन में छोटी सी जगह पर संचालित हो रहा है। ग्रामीणों के बैठने के लिए जगह की कमी रहती है। क्योकि ग्रामीणों को छोटे छोटे कार्यों के लिए चारामा जाना पड़ता है, जिससे समय व आर्थिक क्षति होती है। उप तहसील लखनपुरी परिक्षेत्र का हृदयस्थल अंतर्गत वर्तमान में लगभग 8-10 हाई स्कूल व हायर सेकेंड्री संचालित है। आगे कॉलेज पढ़ाई के लिए बच्चों को दूरस्त अंचल से 24-25 किमी की दूरी तय कर चारामा या कांकेर जाना पड़ता हैं। हम पालक चाहकर भी आगे की पढ़ाई नहीं करा पाते हैं। वर्तमान स्थिति परिस्थिति को देखते ग्रामवासी ग्राम पंचायत चिनौरी द्वारा सर्वसम्मति से राष्ट्रीय राजमार्ग 30 से लगा हुआ सर्वसुविधायुक्त सुरक्षित ग्राम के शासकीय भूमि ख कं. 378/1 रकबा 4.00 हेक्टयर को समग्रशिक्षा विकास के लिए महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए क्षेत्र छग शासन को दान देना चाहते हैं। जहाँ हमारे 12वी पास छात्र छात्राऐं बीए, बीकाम, बीएससी व कृषि उद्यानिकी पढ़ सके। 10 वर्ष से ग्राम चिनौरी में हाई स्कूल शिक्षा संस्था संचालित है जिसका उन्नयन हायर सेकेण्ड्री में किया जाना भी आवश्यक है। ज्ञापन सौपने के दौरान संरक्षक विजय ठाकुर, सुकालाल कोड़ोपी, गिवधर प्रसाद दुबे, आनंद सिंह ठाकुर, कृपाराम पौय, सलाहकार फकीर राम साहू, अभिराम साहू, एसपी सिंग, परस तारम, धरमन जुरी, कार्यवाहक अध्यक्ष शिवराम कोर्राम, गिरवर शोरी, अध्यक्ष एकांत दुबे, उपाध्यक्ष रामप्रसाद सिन्हा, रामसेवक जुरीं, जोहन राम साहू, बेलसिंग मण्डावी, पंचम मरकाम, देवेन्द्र पोया, मोहन नेताम, विजय तिवारी, अरूण शर्मा, समीर कुरैशी, रतन विश्वकर्मा, गंगाराम बघेल, बाबूलाल साहू, सुजानी निषाद सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष उपस्थित रहें।

## बारिश में भी चलता रहा गरबा का सिलसिला, रैनकोट व छाता ओढ़कर खूब किए नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



लगातार 24 घंटे से भी अधिक समय तक हुई बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया। नवरात्रि के इस भक्तिमय माहौल में बारिश ने पुजा पाठ और कार्यक्रमों मे जमकर खलल डाली। लगातार 24 घंटो से अधिक समय तक तक हुई बारिश से नदी नाले, तालाब सब उफान पर आ गए, नदियों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। बीते 24 घंटे यानि मंगलवार की रात से गुरुवार की सुबह तक हुई बारिश ने अब तक हुई एक दिन की बारिश का रिकार्ड भी तोड़ दिया। बुधवार की सुबह से गुरूवार की सबुह 8 बजें से शाम 8 बजे तक चारामा क्षेत्र में ही कुल 85 मिमी वर्षा हुई। वही पुरी में 90.2, लखनपुरी मे 60 मिमी, हल्बा में 44.1 मिमी, टोटल पुरे विकासखण्ड में 70 मिमी वर्षा दर्ज की गई। अब तक पुरे विकासखण्ड में 1126 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। अब तक कुल प्रतिशत में कुल 102 प्रतिशत से अधिक वर्षा हो चुकी है, जोकि मानसून के हिसाब से अच्छी रही है। आगे भी बारिश होगी। वही इस बारिश से लोगो को उमस से राहत मिली। नवरात्र के अवसर पर प्रत्येक जगह माता की आस्था में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होना था, जोकि बारिश के चलते स्थगित हुए। नगर में जय अम्बे मॉ गरबा समिति के तत्वाधान में आयोजित गरबा का कार्यक्रम भारी बारिश के बीच भी हुआ। बुधवार की रात में तय समयानुसार 9 बजे मॉ अम्बे की भव्य आरती हुई। माता के चमत्कार से आरती के समय बारिश थमी रही, लेकिन आरती खत्म होने के बाद फिर से बारिश ने रफतार पकड़ी और पुरी रात बारिश हुई। आरती के बाद लगभग 2 घंटे तक गरबा चलता रहा। गरबा नृत्य करने वालो ने छाता, रैनकोट और बिना छाया और रेनकोट के जमकर बारिश में ही नृत्य कर गरबा का आनंद लिया और प्रतिदिन चाहे बारिश कितनी भी हो समय पर आरती और गरबा होता रहेगा।

## वरिष्ठों का हुआ सम्मान, सेवा पखवाड़ा में बढ़ी कार्यकर्ताओं की सक्रियता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



भाजपा के पितृ पुरुष, भारतीय जनसंघ के संस्थापक और अंत्योदय योजना के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके जीवन व विचारों को स्मरण करते हुए अंत्योदय के सिद्धांत, समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जयंती समारोह के अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों का पारंपरिक सम्मान किया गया। श्रीफल एवं साल भेंटकर अभिनंदन किया गया। सम्मानित जनों में प्रमुख रूप से गोंड समाज के ब्लॉक अध्यक्ष झाड़ूराम उयका, हल्बा समाज के दरबूराम कोसमा, पिछड़ा वर्ग समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, गोंड समाज के उपाध्यक्ष रमेश दुग्गा, पिछड़ा वर्ग समाज के अशोक जैन, कृष्ण नागवंशी, संतु सलाम एवं अन्य वरिष्ठजन शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल के महामंत्री रामचंद्र कल्लो, उपाध्यक्ष फूलसिंह मडावी, मंत्री तुकाराम पटेल, रघुनाथ मांडवी, उपाध्यक्ष शिरो कोमरे, मंत्री सुमित्रा दुग्गा, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं सेवा पखवाड़ा मंडल संयोजक संतोष दुग्गा, सरपंच तुलसी मतलामी, ईशु आरदे, संजय, दीपक, राहुल राय, अमृत कोमरा, चिमन यादव, अमन कोरोटी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## गांव में दिखा स्वच्छता पर उत्साह और ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता ही सेवा-स्वच्छता उत्सव बड़े उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सरपंच सहित समस्त जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने मिलकर स्वच्छता का शपथ लिया। शपथ ग्रहण के बाद सामूहिक रूप से मंदिर प्रांगण, दुर्गा मंच, अटल चौक, प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाएँ, बस स्टैंड, बाजार स्थल, शिव मंदिर एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों की सफाई की गई। सफाई अभियान में महिलाओं, युवाओं और विद्यार्थियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सफाई के दौरान ग्रामीणों को जागरूक करते हुए सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि इसे आदत बनाकर ही स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है। वहीं उप सरपंच तामेश्वरी जैन ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से बीमारियों से बचाव संभव है और सभी को मिलकर स्वच्छ गांव का संकल्प निभाना चाहिए। कार्यक्रम में वार्ड पंच ओम दुग्गा, सतीश कुमार मंडावी, सरोज दुगा, करिश्मा दुग्गा, उत्तरा वारे, संजय उसेंडी सहित कविता टेकाम, मंजू दुग्गा, फूलकुंवर दुर्गे, परमेश्वरी नेताम, सोमारू नेताम, प्रियंका नरेटी, लक्ष्मी नरेटी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती कुर्री में मनाई और चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरर



पं. दीनदयाल उपाध्याय कि जयंती भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर अंतर्गत शक्ति केंद्र भोड़िया के कुर्री बूथ में मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य मार्ग कुर्री के यात्री प्रतीक्षालय एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम फलदार वृक्षों का वृक्षा रोपण किया गया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी जन्म जयंती मनाई गई।

भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर के जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर ने कहा कि संघ के माध्यम से ही पं. दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में आये। 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। डॉ. मुखर्जी ने उनकी कार्यकुशलता और क्षमता से प्रभावित होकर कहा यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जाएं, तो मैं भारतीय राजनीति का नक्शा बदल दूँ। 1967 तक उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के महामंत्री रहे। 1967 में कालीकट अधिवेशन में उपाध्याय जी भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। वह मात्र 43 दिन जनसंघ के अध्यक्ष रहे। फरवरी 1968 की रात्रि में मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। जो कि पूरे भारतवर्ष के लिए बहुत बड़ी क्षति थी। भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय सन 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। एक गम्भीर दार्शनिक एवं गहन चिंतक होने के साथ-साथ वह एक ऐसे समर्पित संगठनकर्ता और नेता थे, जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के मंडल महामंत्री नरेंद्र शर्मा, भारतीय जनता पार्टी मंडल कोरर के वरिष्ठ कार्यकर्ता विनोद गोटा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री शंकर यादव, ईश्वर यदु, कुबेर कोसमा, निर्भय कोमरा, योगेश कोमरा, कुलेश्वर नेताम, राजकुमार नाग, विष्णु कोमरा, रविंद्र ढाली, आसाराम जूर्री, छमेद्र मौहन, बिरसिंह कोरेटी, काशीराम कोरेटी, लक्ष्मण कोरेटी, सीमा ढाली, पल्लवी टांडिया सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मरोड़ा नाका पर सागौन चिरान व पिकअप जब्त, चालक गिरफ्तार



**कांकेर।** दक्षिणी फिल्मों की चर्चित फिल्म पुष्पा के तर्ज पर पखांजुर इलाके में सागौन की लकड़ी की अवैध तस्करी का एक बड़ा मामला सामने आया है। बीती रात वन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में सागौन चिरान से भरी एक पिकअप वाहन को जब्त किया है। यह कार्रवाई वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा मरोड़ा नाका के पास की गई।

पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 0768 रात के अंधेरे में बांदे से पखांजुर की ओर जा रहा था। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर वन परिक्षेत्र पश्चिम की टीम ने मरोड़ा नाका पर घेराबंदी की और वाहन को रोका। तलाशी के दौरान उसमें भारी मात्रा में अवैध सागौन की लकड़ी के चिरान भरा हुआ मिला। वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन को जब्त कर लिया और मौके से पिकअप चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि लकड़ी तस्कर फिल्म पुष्पा की तरह ही बड़ी चालाकी से अवैध लकड़ी की खेप को ठिकाने लगाने की फिराक में था। वन विभाग ने अब इस पूरे रैकेट के मालिक की तलाश शुरू कर दी है, जिसके लिए टीम जांच में जुट गई है। इस कार्रवाई से इलाके के लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मच गया है। विभाग का कहना है कि वे इस अवैध तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए सख्त कार्रवाई जारी रखेंगे।

## हाहालद्दी एवं क्षेत्र में स्वच्छता अभियान की हुई शुरुआत

**दुर्गुकोंदल।** स्वच्छता ही सेवा के ध्येय को ध्यान में रखते हुए श्रीबजरंग आयरन ओर माइंस ग्राम हाहालद्दी में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ खदान परिसर के अंदर मशीनों और कलपुर्जों की सफाई से हुआ। माइंस के कर्मचारियों एवं कामगारों ने लेबर शेल्टर, फिक्स क्रशर प्लांट, मोबाइल क्रशर, लैब, कैंटीन और खदान के सभी कक्षों की सफाई कर उन्हें स्वच्छ बनाया। सफाई कार्य के दौरान झाड़-पोछा लगाने के साथ-साथ परिसर में सेनेटाइजर का छिड़काव भी किया गया। पूरे खदान क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की दिशा में यह प्रयास उल्लेखनीय रहा। ज्ञात हो कि भारतीय खान ब्यूरो के दिशा-निर्देशानुसार देशभर की खदानों में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में गोयल ग्रुप ने अपनी खदान में यह अभियान प्रारंभ किया है। गोयल ग्रुप के सहायक महाप्रबंधक एवं खान प्रबंधक डीएन मोहंता ने बताया कि संस्थान हर वर्ष भारतीय खान ब्यूरो की गाइडलाइंस के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़ा मनाता है। इसके तहत खदान क्षेत्र के आसपास के ग्रामों और शासकीय भवनों में भी सफाई अभियान चलाया जाता है। इस वर्ष की शुरुआत खदान परिसर की सफाई से की गई है और यह अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक लगातार जारी रहेगा। अभियान के पहले दिन गोयल ग्रुप के कर्मचारियों एवं कामगारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता के संदेश को समाज तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## शक्ति केंद्र भर्रीटोला में मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



भाजपा मंडल चारामा द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती के अवसर पर भाजपा मंडल के शक्ति केंद्र भर्रीटोला बूथ में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाया गया।

जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा भाजपा के वरिष्ठ नेता नंदकुमार ओझा, मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मंडल महामंत्री संतोष नाहर ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए एकात्म मानववाद अंत्योदय एवं केंद्र और राज्य सरकार के जन हितैषी योजनाओं के माध्यम से कैसे पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों का प्रवाह हम सब के जीवन में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित हो रहा हैं। साथ ही ग्राम में स्वच्छता अभियान व एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत स्थानीय शाला परिसर में वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर भागीराम साहू, खुशी जोतवानी, यमुना मंडावी, ईश्वर छाटा, अमजद खान, प्रियेश सेन, विजेंद्र सिन्हा, रामेश्वर साहू, देवलाल गावड़े, सालिक मंडावी, देवानंद गावड़े, संतोष साहू, शंकर कुंजाम, अनीता ठाकुर, गीता यादव, सुगणा दरों, विमला बाई, प्रभा बाई, उषा बाई, सुनीता बाई निर्मला बाई, शारदा गावड़े, सुरेश दर्रो, श्रेणी लाल कुंजाम, गौरव, आत्माराम, आसाराम, देवलाल कांगे, जगत राम गौड, शंकर रामचंद्र, संतोष कुमार, विशेश्वर साहू व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## दिल्ली के भारत मंडपम में यूथ अचीवर-यूथ चेंज मेकर अवार्ड से शिल्पा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



बस्तर संभाग की बेटी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। सुप्रसिद्ध अखिल भारतीय संस्था निफा द्वारा उन्हें यूथ अचीवर यूथ चेंज मेकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्हें इंग्लैंड से वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ। यह भव्य आयोजन 21 से 24 सितंबर को दिल्ली के भारत मंडपम और हरियाणा के करनाल में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के राष्ट्रपति शामिल रहे।

हर युवा समाजसेवी का यह सपना होता है कि उसका सम्मान भारत मंडपम जैसे अंतार्राष्ट्रीय स्तर के मंच पर हो। यह गौरवमयी क्षण अब शिल्पा साहू को प्राप्त हुआ है। यह सम्मान केवल उनके लिए नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए गर्व और गौरव का विषय बन गया है। शिल्पा साहू लंबे समय से समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण और माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय रही हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना में उनके योगदान के लिए उन्हें राज्यपाल पुरस्कार भी मिल चुका है। वे वर्तमान में जनपद सदस्य और साहू समाज युवा प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाते हुए समाज सेवा को नई दिशा दे रही हैं। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और बस्तर संभाग के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गर्व का विषय है। प्रदेशभर से उन्हें बधाइयाँ और शुभकामनाएँ मिल रही हैं और लोग उन्हें नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत मान रहे हैं।

पेज 11 के शेष...

### स्कार्पियो की टक्कर...

सीजी 27 बी 5072 के चालक 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

### बेकाबू पिकअप ने...

होते ही भाग गया। गोंडाहुर पुलिस ने मामला को संज्ञान में लेते हुए पिकप के चालक और मालिक की तलाश शुरू कर दिया है, वहीं गांव के लोग चालक पर बहुत ही आक्रोशित नजर आएं। विवेचना के उपरांत आरोपी चालक पर मामला दर्ज किया जाएगा।

### डाइट समृद्धि कला...

विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। ऐसे प्रयोगों को समझकर लोग अंधविश्वास की बेड़ियों से बाहर निकलेंगे और समाज में जागरूकता बढ़ेगी। उनके इस प्रयास की दर्शकों ने जोरदार तालियों से सराहना की। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रभारी पुष्पांजलि ठाकुर, रामेश्वरी गौतम, प्रीति कुजूर और किरण मरकाम विशेष रूप से उपस्थित रहें। अब राज्य स्तरीय समृद्धि कला महोत्सव में अभनपुर के इन शिक्षकों का चयन जिले के लिए गौरव का विषय है। न केवल विद्यालय परिवार बल्कि समूचे जिले के लिए यह सम्मानजनक क्षण है कि यहाँ के शिक्षक अंधविश्वास को दूर करने का संदेश विज्ञान और कला के माध्यम से पूरे प्रदेश में फैलाएँगे।

### बाढ़ में फंसे...

कर सीढ़ी के माध्यम से बाहर लाने का लाइव डेमो किया गया। इसके बाद प्रभावित लोगों का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण मेडिकल टीम द्वारा किया गया तथा आवश्यकतानुसार उन्हें एम्बुलेंस के जरिए समीप के स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाने का प्रदर्शन किया गया।

नंदनमारा पुल के समीप रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों का मार्ग डायवर्ट करने और राहत प्रबंधन का प्रदर्शन नगर सैनिकों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, जिला सेनानी, जल संसाधन, वन, जनसम्पर्क, स्वास्थ्य, लोक निर्माण विभाग, पुलिस, पशु चिकित्सा, विद्युत, खाद्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, दूरसंचार, परिवहन, नगरीय निकाय, कोष एवं लेखा, कृषि तथा एनसीसी के कैडेटस आदि संपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन की प्रक्रिया से अवगत हुए तथा विभागीय दायित्वों के संबंध में मौके पर उन्हें जानकारी दी गई। इस दौरान एडिशनल एसपी दिनेश कुमार सिन्हा, एसडीएम अरूण वर्मा, संयुक्त कलेक्टर नोडल अधिकारी सरस्वती बंजारे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### शिक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में : मनीष

**गीदम।** जिला संयोजक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मनीष देवांगन ने कहा कि जिले की शिक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शिक्षक आंदोलन की राह पर उतर आए हैं। आरोप है कि शिक्षकों को लगातार दबाव, अपमानजनक व्यवहार और मनमानी कार्यप्रणाली का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनका मनोबल टूट रहा है। शिक्षकों का कहना है कि जब उन्हें ही सम्मान और सहयोग नहीं मिलेगा तो शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित होना तय है। आंदोलनरत शिक्षकों ने मांग की है कि जिला प्रशासन इस मामले में हस्तक्षेप कर तत्काल समाधान निकाले।

### एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

**भानपुरी।** एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल व हायरसेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण व मोनिटरिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है। दूरस्थ अंचल की शाला,संकुल पश्चिम टेमरा के अंतर्गत प्राथमिक शाला कुरुषपाल, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला पश्चिम टेमरा सहित बालक आश्रम शाला का भी निरीक्षण किया गया।

# मांडाभर्री में बिजली उपकेंद्र निर्माण के लिए विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

विकासखण्ड नहरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत मांडाभर्री में विधायक के प्रयास 2 करोड़ 54 लाख का 33/11 केवी का भूमिपूजन बुधवार को हुआ। उपकेंद्र बनने से मावलीपारा, बांगाबारी, मंडाभर्री के लोगो को बिजली की समस्या से निजात मिलेगी।

इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि जनता को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, पानी और बिजली मुहैया कराई जाएं। मांडाभर्री क्षेत्र के लोगों को लोकल फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने के लिए मांडाभर्री। निर्बाध बिजली आपूर्ति उपकेंद्र के बनने से क्षेत्र में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। उपकेंद्र



के बनने से क्षेत्र के लोगों को लोकल फाल्ट और लो वोल्टेज की समस्या से निजात मिलेगी। क्षेत्र के विकास में मदद उपकेंद्र के बनने से क्षेत्र के विकास में मदद मिलेगी और लोगों को बेहतर जीवन जीने का अवसर मिलेगा। एचके सूर्यवंशी, एसके विंडो, केके साव, वेदप्रकास कन्नौजे, आरएस प्रेमी ने बताया कि उपकेंद्र का शिलान्यास किया जा रहा है। यह उपकेंद्र लगभग 6 माह में तैयार होगा और इससे क्षेत्र के तीन पंचायत के लोग लाभान्वित होंगे। उक्त उपकेंद्र के बनने से मुसुरपुट्टा उपकेंद्र का लोड कम होगा।कार्यक्रम में तारा ठाकुर, संजुगोपाल साहू, तुलसी राम नेताम, नुमान प्रसाद पांडे, पवन नेताम, धनेश्वरी नेताम, सियाराम कोसमा, सावित्री नेताम, संजुलता नेताम, दिनेश पांडे, चन्द्रभान मंडावी, हनुमान प्रसाद पांडे, तुलसी राम नेताम, सुखराम मरकाम, राजेन्द्र सोमवंशी व अन्य लोग उपस्थित रहें।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बना जन्म प्रमाण पत्र रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

तहसीलदार के आदेश पर नगर पंचायत पखांजुर ने मनीषा हिजरा (किन्नर) का जन्म प्रमाण पत्र रद्द कर दिया है। यह कार्रवाई प्रमाण पत्र को फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बनाकर प्रशासन को अंधेरे में रखने के बाद की गई है।


प्रारंभिक जाँच में यह पाया गया कि मनीषा हिजरा ने जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जो दस्तावेज जमा किए थे वे जाली थे। इन फर्जी दस्तावेजों की मदद से प्रशासन को गुमराह करते हुए यह प्रमाण पत्र हासिल किया गया था। यह मामला सामने आने के बाद तहसीलदार कुलदीप ठाकुर ने इसकी गंभीरता को समझते हुए तत्काल प्रभाव से नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश दिया। तहसीलदार के आदेश का पालन करते हुए नगर पंचायत पखांजुर के सीएमओ ने मनीषा हिजरा का जन्म प्रमाण पत्र आधिकारिक तौर पर रद्द करने का आदेश जारी कर दिया। प्रशासन का कहना है कि




फर्जीवाड़े के ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी और जो भी व्यक्ति सरकारी दस्तावेजों के साथ हेरफेर करेगा, उस पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई प्रशासन की सतर्कता को दर्शाती है और भविष्य में ऐसे किसी भी प्रयास को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# मां दुर्गा-मां काली मंदिर में 44 ज्योति कलश स्थापित

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम कोकड़े साहूपारा स्थित मां दुर्गा एवं मां काली मंदिर में इस वर्ष विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ 44 ज्योति कलश की स्थापना की गई है। मुकेश साहू के घर स्थित इस मंदिर में उत्तरप्रदेश, उड़ीसा सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और आस्था के दीप जलाए। स्थानीय लोगों ने बताया कि मां दुर्गा और मां काली की स्थापना के बाद से इस मंदिर की ख्याति लगातार बढ़ रही है। यहां आने वाले श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण होने की बात



कहते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि मंदिर में विशेष शक्ति विद्यमान है, जिसके कारण यहां माथा टेकने वाले हर व्यक्ति की प्रार्थना स्वीकार होती है। शनिवार, रविवार और मंगलवार को मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगती हैं। लोग दूर-दराज से आकर यहां पूजा-अर्चना कर स्वास्थ्य लाभ और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। बताया जाता है कि पीला व अन्य रोगों से पीड़ित लोगों को भी यहां से राहत मिली है। नवरात्र पर्व के दौरान तो मंदिर में विशेष भीड़ रहती है, लेकिन सामान्य दिनों में भी श्रद्धालुओं की आस्था का सिलसिला बना रहता है। मंदिर प्रांगण आस्था, भक्ति और विश्वास का केंद्र बन चुका है।

# स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत संबलपुर में की साफ सफाई

**भानुप्रतापपुर।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम पंचायत संबलपुर के शासकीय भवनों एवं बाजार स्थल की साफ़-सफाई कर श्रम दान किया गया। साथ ही स्वच्छता ग्राही दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। श्रम विभाग द्वारा स्वच्छता ग्राही एवं स्व सहायता समूह के सदस्यों का श्रम कार्ड जारी करने समाधान दिया गया। सरपंच अनिता रावटे ने बताया कि यह कार्यक्रम शासन के प्राथमिकता क्रम में है इसलिए सभी ग्राम वासियों द्वारा समय-समय पर



साप्ताहिक स्वच्छता करने का निर्णय भी लिया गया है। सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य गिरजा देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेन्द्र, कार्यक्रम अधिकारी सुमन कौर, राधेश्याम भास्कर, तकनीकी सहायक बिंदु यादव, स्वच्छता समन्वयक चाँदनी उइके, सचिव बरन सिंह आँचला, स्वच्छता समूह के सदस्य, स्वच्छता ग्राही दीदी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका उपस्थित रहें।

# सामुदायिक सहयोग से शिक्षा को मिली नई दिशा, छात्रों को पुस्तकें और कर्मचारियों को ड्रेस वितरित

**दुर्गुकोंदल।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय डांगरा में शिक्षा को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करने हेतु एक प्रेरणादायी पहल की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच रामुला नरेटी एवं शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र नरेटी द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों को प्रयास आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा तथा कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों को एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकें अपने निजी व्यय से वितरित की गईं। पुस्तक वितरण के दौरान सरपंच रामुला नरेटी ने कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चे प्रतिभा से परिपूर्ण हैं और आवश्यकता केवल सही मार्गदर्शन एवं सहयोग की है। आशा व्यक्त की कि गांव से अधिक से अधिक विद्यार्थी इन प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर उत्कृष्ट विद्यालयों में



अध्ययन करें और आगे चलकर ऊँचे पदों पर चयनित होकर अपने परिवार, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र नरेटी ने कहा कि पूर्व में ग्रामीण अंचलों में शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी रही, जिसके कारण क्षेत्र के बच्चे अच्छे विद्यालयों में चयनित नहीं हो पाते थे। किंतु पिछले कुछ वर्षों से शिक्षकों की मेहनत और सतत तैयारी के परिणामस्वरूप अब हमारे विद्यालय के विद्यार्थी राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा, नवोदय, एकलव्य और प्रयास आवासीय विद्यालय जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित हो रहे हैं। प्रधान पाठक कमला नरेटी ने कहा कि शिक्षा की दिशा में यह कदम विद्यालय परिवार और विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा। भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के विकास में सभी का सहयोग मिलता रहेगा। इस अवसर पर शिक्षक सविता गावड़े, विभा ठाकुर और गेवेंद्र सलाम व अन्य उपस्थित रहें।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



# बस्तर ओलंपिक 2025 के लिए खिलाड़ी 20 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

बस्तर क्षेत्र के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने, उनके रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के समस्त जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2025 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 20 अक्टूबर 2025 तक पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय कांकेर में व्यापक रूप से बस्तर ओलंपिक 2025 का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि इसके सफल आयोजन के लिए सभी स्तर पर कमेटी का गठन किया जाएगा। विकासखण्ड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला स्तर पर कलेक्टर एवं संभाग स्तर पर कमिश्नर अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि पंजीयन विकासखण्ड में जनपद पंचायत, कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला में कार्यालय जिला खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण, इण्डोर स्टेडियम भवन, कांकेर, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर एवं संभाग में ऑनलाईन एवं ऑफलाइन किया जाएगा। बिना पंजीयन के कोई भी प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित नहीं हो सकेगें। पंजीयन हेतु आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड एवं एकाउंट डिटेल स्वयं का नाम, पता, पिता का नाम, खाता क्र. एवं आईएफएससी कोड अनिवार्य होगा। पुरस्कार की राशि डी.बी.टी. के माध्यम से खाते में भेजा जाएगा। यह प्रतियोगिता जूनियर वर्ग 14 से 17 वर्ष (बालक-बालिका) एवं सीनियर वर्ग में (महिला-पुरूष) आयुबंधन नहीं है। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी।

## अनेक कमेटियों का किया गठन




### कई स्तर पर स्पर्धाएं

खेल प्रतियोगिता विकासखण्ड स्तर पर 25 अक्टूबर से 05 नवंबर, जिला स्तर पर 05 से 15 नवंबर एवं संभाग स्तर पर 24 से 30 नवंबर तक आयोजन होगा। बस्तर ओलपिंक 2025 आयोजन के अंतर्गत एथलेटिक्स 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, शॉटपूट, डिस्कस थ्रो, जैवेलिन थ्रो, 4x100 मी. रिले रेस, तीरंदाजी 30 एवं 50 मीटर, बैडमिंटन, फुटबॉल, कराते, कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल आदि खेलों को शामिल किया गया है। हॉकी एवं वेटलिफ्टिं सीधा जिला स्तर पर होगा एवं रस्साकसी (प्रदर्शनात्मक केवल महिला सीनियर वर्ग के लिए) प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### इंदरू केवट में लगी यातायात की पाठशाला

**कांकेर।** इंदरू केवट कन्या महाविद्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के मागर्दशन एवं एएसपी दिनेश सिन्हा के निर्देशन में याायतात प्रभारी दीपक साव ने महाविद्यालय के छात्रों एवं शिक्षकों को सड़के कैसे बोलती, सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट, सीटबेल्ट लगाकर चलने की विस्तृत जानकारी दिया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग के अलावा कॉलेज के प्राध्यापक एवं छात्राएं शामिल हुई।

### मेगा शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान



**चारामा।** सीएचसी में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग ने मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसका शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर के मुख्य आतिथ्यि में हुआ। शिविर में 25 यूनिट रक्तदान किया गया। शुभारंभ पर अतिथियों में जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी उपस्थित रही। तहसीलदार सत्येंद्र शुक्ला, दिनेश साहू, शिक्षक बोधन साहू के अलावा स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी, महाविद्यालय के छात्र, व्यापारी प्रकोष्ठ एवं अन्य रक्त दानदाता महिला-पुरुष ने रक्त दान किया। इस अवसर पर नंदकुमार ओझा,पार्षद उत्तम साहू, वरिष्ठ व्यापारी नारायण पंजवानी, बीएमओ डॉ ओपी शंखवार, ब्लड बैंक कांकेर शाखा टीम डॉ. अखिलेश गायकवाड़, रवि ठाकुर एवं अन्य का सहयोग रहा।

### जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत बड़े कापसी निवासी 20 वर्षीय कमल सिंह उसेंडी ने जहर खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकर जहर पूरे शरीर में फैल जाने के कारण उसकी मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के दौरान 17 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दिवस : स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

# सरोना विद्यालय में मनाया गया एनएसएस का स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं रासेयो का लक्ष्य गीत गाकर की गई। पूरे आयोजन में युवाओं में राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों और स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का उत्साह स्पष्ट झलक रहा था। विद्यालय के प्राचार्य सतीश प्रसाद नेताम ने स्वामी विवेकानंद के अमर संदेश उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए का उल्लेख करते हुए स्वयं सेवकों को प्रेरित किया। विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रकाशपुंज है और यदि युवा उनके बताए मार्ग पर चलें, तो वे अपने व्यक्तित्व और समाज दोनों का उत्थान कर सकते हैं। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता जेपी तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, सेवा भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। मुस्तकीम अंसारी ने रासेयो की गतिविधियों और उसके द्वारा विद्यार्थियों को मिलने वाले अनुभवों के महत्व को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेंद्र कुमार सिन्हा ने विस्तार से बताया कि रासेयो किस प्रकार विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक है। इस योजना से जुड़कर विद्यार्थी सामाजिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और अन्य अनेक क्षेत्रों में समाजहित के कार्यों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। विद्यालय परिसर एकता, अनुशासन और सेवा भावना के वातावरण से गुंजायमान रहा। इस दौरान हरिनारायण नारद महावीर, शंभु नेताम, मुन्नी शोरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### आत्मानंद स्कूल में एनएसएस स्थापना दिवस मनाया गया

**दुर्गुकोंदल।** पीएमश्री शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय दुर्गुकोंदल में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पूजा-अर्चना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। तत्पश्चात सरस्वती वंदना और एनएसएस प्रेरणा गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी अतिथियों का एनएसएस बैच और गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय के एनएसएस दलनायक, कक्षा 12 वीं के महेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 1969 में महात्मा गांधी के जन्म शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय सेवा योजना की शुरुआत हुई थी। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में सामाजिक दायित्व, अनुशासन और श्रम के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। मुख्य अतिथि गोपी बढ़ाई ने कहा कि एनएसएस भारत सरकार की एक केंद्रीय योजना है, जो विद्यार्थियों को समाज सेवा और समुदाय के विकास के लिए प्रेरित करती है। यह योजना युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ती है, जिससे उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होता है। विशिष्ट अतिथि सविता उईके और श्रीधर दास ने भी विद्यार्थियों को समाज सेवा और अनुशासन की महत्ता पर प्रेरणादायक विचार रखे। कार्यक्रम में विद्यालय के एनएसएस प्रभारी व्याख्याता दिलीप सेवता, प्रतिमा साहा, बंगोमा रानी चक्रवर्ती, सुखसागर कोवाची, एमन धनेलिया, पंकज निषाद, हरीश नागराज, चारु चंद्र निषाद, जानवी साहू, दीपा बाउल, सुनयना साहू सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## भाजपा मंडल ने सेवा पखवाड़े में की साफ सफाई व कलंगपुरी में किया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कलंगपुरी के शक्ति केंद्र सिवनी में स्वच्छता अभियान और एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत पंचायत भवन परिसर और शासकीय हाईस्कूल कलंगपुरी में पौधारोपण किया गया। अतिथियों ने ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण की आवश्यकता पर जोर दिया। कहा कि एक पेड़ मां के नाम पहल न केवल प्रकृति को संरक्षित करने का संदेश देती है बल्कि यह भावनात्मक रूप से भी समाज को जोड़ती है। गांव में आयोजित इस कार्यक्रम ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई जागरूकता पैदा की और बड़ी संख्या में लोगों ने सक्रिय रूप से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामचंद कल्लो, मंडल महामंत्री एवं सेवा पखवाड़ा सह संयोजक विजय पटेल, जनपद सदस्य एवं जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल सभापति विकास राजू नायक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक जैन, मंडल मंत्री रघुनाथ मंडावी, सरपंच सियाराम मंडावी, भाजयुमो कार्यकर्ता योगेश कुलदीप, संयोजक शक्ति केंद्र सिवनी मनोज दुग्गा, सह संयोजक मनोज बघेल और सुदेश तोप्पा, विरेंद्र जैन, जयसिंह महावीर, बूथ अध्यक्ष रामप्रसाद नरेटी, युवा प्रमुख राजेश यादव, लखन जैन, लच्छन जैन, शत्रुघ्न जैन, देवदत्त सोरी, दरबारी सलाम, मंगतूराम सलाम, हेमंत जैन, बिरेंद्र मंडावी, सेवा गावड़े, मुड़वा राम नरेटी, देवेंद्र जैन, विष्णु उसेंडी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई



**भानुप्रतापपुर।** नगर पंचायत भानुप्रतापपुर में 25 सितंबर को रजत जयंती एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत शहर समागम एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों एवं नागरिकों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर, उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना, पार्षद रजिंदर रंधावा, जनपद सदस्य वरुण खापर्डे सहित आम नागरिक, स्वयंसेवी संगठन, व्यावसायिक संगठन एवं स्व-सहायता समूहों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## हटवारा बाजार चौक के पास की साफ सफाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बासनवाही

ग्राम बांगाबारी में स्वकच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ग्राम संगठन की मातृ शक्ति ने स्वच्छता अभियान के तहत हटवारा बाजार चौक के आसपास साफ-सफाई किया। यह कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ बनाना और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। ग्राम पंचायत बांगाबारी के सरपंच सावित्री नेताम ने कहा कि यह कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में समुदाय के लोगों ने सक्रिय भागीदारी की और स्वच्छता के महत्व को समझा कार्यक्रम के बाद गांव में स्वच्छता में सुधार देखा गया और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी और उन्होंने अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने समुदाय के लोगों को एकजुट किया और उन्हें स्वच्छता के प्रति एक रूपतासे काम करने के लिए प्रेरित किया। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल क्षेत्र में स्वच्छता में सुधार होता है, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

## महर्षि कॉलेज में हुआ पूर्व छात्रों का सम्मेलन, सम्मान व प्रेरणा का संगम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास

- वर्तमान विद्यार्थियों को मिला प्रेरणादायी संदेश

और गरिमामय माहौल में हुआ। यह सम्मेलन महाविद्यालय और पूर्व विद्यार्थियों के बीच गहरे संबंधों को पुनर्जीवित करने का सशक्त मंच बना। इस अवसर पर करीब 100 से अधिक भूतपूर्व विद्यार्थी शामिल हुए, जिन्होंने अपने अनुभव साझा किए और महाविद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि भूतपूर्व छात्र सम्मेलन सिर्फ एक औपचारिकता नहीं, बल्कि महाविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच जीवनभर बने रहने वाले रिश्तों को मजबूत करने का अवसर है। पूर्व छात्र ही संस्थान की असली पहचान होते हैं और उनकी सफलता ही वर्तमान विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी संदेश है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार व्ही ने कहा लगभग 10 साल बाद मैं इस महाविद्यालय आया हूँ। यह मेरे लिए होम कमिंग जैसा अनुभव है। मैंने हमेशा इस संस्थान को अपना घर माना है और आज यहाँ उपस्थित होकर गर्व महसूस कर रहा हूँ। स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि वर्ष 2006 में जब महाविद्यालय ने नैक मूल्यांकन कराया था, तब पूरे राज्य में स्नातक वर्ग का दूसरा बी ग्रेड प्राप्त महाविद्यालय तथा बस्तर संभाग का पहला नैक मूल्यांकित महाविद्यालय था। यह उपलब्धि उस समय की एक बड़ी पहचान बनी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए स्मार्ट शब्द की व्याख्या की। उन्होंने कहा यदि स्मार्ट से एस हटा दें, तो मार्ट रह जाता है और यदि एम भी हटा दें तो केवल आर्ट बचता है। यानी हर विद्यार्थी में कला और सृजनात्मकता छिपी होती है, बस उसे पहचानने और निखारने की जरूरत है। सुझाव दिया कि रिवर्सिबल क्विज़ जैसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों को इतिहास से जोड़ने काफी बेहतर माध्यम हो सकती हैं। सेवानिवृत्त प्राध्यापक श्यामानंद डहरिया ने महाविद्यालय की स्थापना और शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए कहा हमने इस महाविद्यालय को बचपन से युवावस्था तक बढ़ते हुए देखा है। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह ने कहा कि एलुमनी मीट वर्षों बाद पुराने मित्रों से मिलने जैसा अनुभव कराता है।

पूर्व छात्र देवलाल नरेटी ने कहा कि यदि जीवन में कुछ बड़ा करना है तो सबसे पहले स्पष्ट लक्ष्य तय करें और फिर उसे पाने के लिए पूरी निष्ठा और मेहनत से जुट जाएँ। पूर्व छात्रा तनुजा बेलसरिया ने विद्यार्थियों को लगन से पढ़ाई करने और अवसरों का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। इसी तरह गुलशन गोगड़, राधेश्याम औरसा, डॉ. कुमार सिंह टोप्पा, डॉ. टुपेश कुमार कोसमा, डॉ. सूर्यकांत देवांगन, आकाश सोलंकी सहित अन्य पूर्व छात्रों ने भी अपनी-अपनी यादें साझा कीं और वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

## सशिमं सुरही ने अनेक स्पर्धाओं में बाजी मारी और बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना



जिले के भानबेड़ा में सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति द्वारा आयोजित जिला स्तरीय त्रिदिवसीय खेलकूद, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य समापन हुआ। इस महोत्सव में जिलेभर के अनेक विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने विभिन्न खेल, कला और सांस्कृतिक विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर नरहरपुर विकासखंड के सरस्वती शिशु मंदिर सुरही के भैया-बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैम्पियनशिप अपने नाम की। विद्यालय के बच्चों ने खेलकूद से लेकर बौद्धिक और सांस्कृतिक मंच तक में परचम लहराया और अनेक विधाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर संस्था और अपने गांव का नाम रोशन किया। सुरही विद्यालय ने न केवल खेल मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक प्रतियोगिताओं में भी अग्रणी स्थान हासिल किया। बच्चों की सफलता से विद्यालय परिवार और अभिभावकों में खुशी की लहर है। सुरही विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने न केवल संस्था बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। माता-पिता और गुरुजनों ने कहा कि यह उपलब्धि निरंतर मेहनत, अनुशासन और सामूहिक सहयोग का परिणाम है। विजेता बच्चों को अब प्रांत और क्षेत्रीय स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। संस्था के आचार्यों और अभिभावकों ने बच्चों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए लिए प्रेरित किया। खेल महोत्सव के सफल आयोजन में जिला क्रीड़ा प्रभारी रामभरोश कोड़ोपी, महिला शारीरिक सहायक पर्यवेक्षक दीदी लीना देहरी का मार्गदर्शन सराहनीय रहा। संरक्षक के रूप में आचार्य छबिलाल कुंजाम, टेश्वर निषाद, दीदी अनीता मरकाम और लाकेश्वरी कुंजाम ने अपनी जिम्मेदारी निभाई, संस्था के प्रधानाचार्य तिहारूराम मरकाम तथा आचार्यगण उमेश मंडावी, पवन नेताम, रेखा नेताम ने बच्चों को तैयारी कराने में अहम भूमिका निभाई।

### राऊरवाही में नवरात्रि पर भक्तिमय आयोजन

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम राऊरवाही स्थित माँ दंतेश्वरी, मंगलेश्वर महादेव मंदिर में इस बार शारदीय नवरात्र पर्व पर 17 मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित की गई हैं। माता सेवादार सत्तुराम पात्र ने बताया कि दूर-दराज के गाँवों से भी श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामनाओं के साथ ज्योत प्रज्वलित कराई है। प्रतिदिन माता रानी की सेवा में लगातार जगराता का आयोजन हो रहा है। सुबह शाम सामूहिक आरती से मंदिर प्रांगण में भक्ति और उल्लास का माहौल रहता है। दूर-दूर से श्रद्धालु माँ के दर्शन के लिए मंदिर पहुँच रहे हैं, जिससे मंदिर परिसर में उत्साह और भक्ति का संगम देखने को मिल रहा है। माँ दुर्गा के प्रति श्रद्धा और उनकी कृपा पाने की आशा में भक्तजन बड़ी संख्या में मंदिर पहुँच रहे हैं।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







